ISWP



# तार समाचार

जुलाई-सितम्बर 2017

The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited



## प्रबंध निदेशक की कलम से



प्रिय साथियों,

मैं सभी कर्मचारियों को यह बताना चाहता हूँ कि हमें सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । मैं अत्यंत दुखद मन से यह सूचित करता हूँ कि हमारी कंपनी में पिछले 18 महीनों से शून्य एल.टी.आई के लक्ष्य को बरकरार रखा हुआ था, परन्तु सितम्बर माह में वायर मिल के बार्बेड वायर क्षेत्र में हुई घटना के कारण एक एल.टी.आई रिकॉर्ड किया गया है । इस घटना से सीख लेकर सुरक्षा को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए पुन: शून्य एल.टी.आई के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर हमें अग्रसर होने की आवश्यकता है।

जैसा की आप सभी को ज्ञात हो कि जेम्को में पुनर्गठन हो रहा है, जिसके तहत नेल का उत्पादन शुरू हो गया है एवं नेल की गुणवत्ता को ग्राहकों ने काफी सराहा है। बाईंडिंग वायर के प्रोजेक्ट का कार्य समयानुसार चल रहा है आशा है कि हम उत्पादन समय से शुरू कर देंगे। इसके साथ ही जेम्को के कर्मचारियों को उनके क्षमता एवं आवश्यकता के अनुसार उनका स्थानांतरण रॉड मिल एवं वायर मिल डिपार्टमेंट में किया जा रहा है।

जुलाई माह में वायर मिल एम.एस.डी. सफलतापूर्वक एवं दुर्घटनारहित सम्पन्न हुआ इसके लिए वायर मिल की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ।

कंपनी में मैनेजमेंट एवं यूनियन के बीच के संपर्क को बेहतर बनाने के लिए अगस्त माह से टी.क्यू.एम विभाग द्वारा "संवाद" नामक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसमें आई.एम.एस., टी.पी.एम., टी.बी.इ.एम., बिजनेस स्ट्रेटेजी, डिजिटलाइजेसन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को सभी यूनियन कमिटी सदस्य से साझा किया गया इसके लिए मैं टी.क्यू.एम. टीम को बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी इसका संचालन सफलतापूर्वक किया जाएगा।

टी.वी.इ.एम. असेसमेंट की शुरूआत अगस्त माह में के.बी.ऍफ़. मीटिंग के साथ आरम्भ हुआ जिसके तहत सारे असेसर ने विजिट किया, मीटिंग के दौरान आई.एस.डब्ल्यू.पी के बिजनेस के बारे में उन्हें विस्तार से अवगत कराया गया।

सितम्बर माह में मैनेजमेंट एवं यूनियन के साथ एक सौहार्दपूर्ण माहौल में कर्मचारियों का बोनस अग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया।

कंपनी की उत्पादकता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए टी.पी.एम. गतिविधियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, मैं अपने सभी कर्मचारियों से अपेक्षा करता हूँ कि हम सभी मिलकर टी.पी.एम. को अपनाकर अपने कार्यक्षेत्र को और बेहतर बनाएंगे, जिससे उत्पादकता में वृद्धि हो और हमारा कार्यक्षेत्र और भी सुरक्षित हो ।

मैं अत्यंत प्रसन्नता के साथ सभी को यह सूचित करना चाहता हूँ कि हमारी कंपनी को पिछले वर्ष टी.बी.ई.एम. असेसमेंट में 504 स्कोर प्राप्त होने के उपलक्ष्य में टाटा ग्रुप के चेयरमैन श्री एन. चंद्र शेखरन द्वारा जे.आर.डी.क्यू.वी. के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व की बात है इसके लिए मै अपने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार को बधाई देता हूँ।

शुभेच्छाओं के साथ

## एथिक्स माह का समारोह

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. में प्रत्येक वर्ष जुलाई माह एथिक्स माह के रूप में मनाया जाता है। इस माह का आरंभ ध्वजारोहण एवं एथिक्स प्रतिज्ञा द्वारा किया गया । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत एवं विशिष्ट अतिथि श्री राकेश्वर पांडेय उपस्थित थे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत ने कहा कि टाटा ग्रुप पूरे विश्व में अपने नैतिक व्यावसायिक आचरण के लिए जाना जाता है। राकेश्वर पांडेय ने भी कार्यक्रम में एथिक्स मूल्यों की चर्चा की एवं सफलता के लिए इसे अहम बताया ।

इस माह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी. एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में एक जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया था, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को एथिक्स एवं यौन शोषण से संबंधित जागरूकता प्रदान की गई ।





कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 6-11 वर्ष एवं 12-18 वर्ष के बच्चों ने चित्रकारी प्रतियोगिता में अपना योगदान किया । प्रतियोगिता के जज श्री राव (जो लिटिल एंजेल स्कूल के चित्रकारी के शिक्षक हैं) एवं रॉड मील AGM, मुकेश सिंह द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस माह में रॉड मिल एवं जेम्को टीम द्वारा एक लघु नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । दोनों टीमों ने काफी बेहतर प्रदर्शन दी । नाटक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को नैतिकता के प्रति जागरूक करना था ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक ने अपने संबोधन के विजेताओं को शुभकामनाएं दी एवं नैतिकता हमारे जीवन में अनेक मूल्यवान है इसकी चर्चा की ।

एथिक्स क्वीज एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न विभागों में किया गया । विजेताओं को समापन समारोह में प्रबंध निदेशक एवं यूनियन अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया ।



## रक्तदान शिविर

'रक्तदान है महादान' आई.एस.डब्ल्यू.पी. इस कथन से भली भांति सहमत है। इस संदर्भ में 11 जुलाई 2017 में रक्तदान शिविर का आयोजन जेम्को में किया गया था । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी प्रबंधक निर्देशक श्री नीरज कांत एवं यूनियन पदाधिकारी श्री राकेश्वर पांडेय, यूनियन एवं उच्च अधिकारी उपस्थित थे । प्रात:काल से संध्या तक रक्तदान करने वालों की भीड़ लगी रही । इस शिविर में 77 इकाई रक्त एकत्रित किया गया । रक्तदानकर्ता को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया ।







## स्वाधीनता दिवस



आई.एस.डब्ल्यू.पी. एवं जेम्को में स्वाधीनता दिवस समारोह मनाया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी, यूनियन के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने समाज और देश को गौरान्वित करने वाले कार्य में सभी को स्वैच्छिक रूप से भाग लेने का अह्वान किया।

# TQM गतिविधियाँ

## टी.पी.एम



टी.पी.एम. सलाहकार सुरजीत देव द्वारा 18 अगस्त एवं 18 सितंबर को टी.पी.एम. से संबंधित एक ट्रेनिंग को आयोजित किया गया। जिसमें टी.पी.एम. के अगले स्तर के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया तथा उनके द्वारा हमारी तैयारी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने रॉड मिल, वायर मिल में प्लांट विजिट भी किया तथा वहाँ किये जा रहे जिशु होजन के कार्यों को देखा और अपने सुझाव दिये। सुरजीत देव ने प्रबंध निदेशक से मिलकर उन्हें टी.पी.एम. की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। 20 सितंबर में प्रबंध निदेशक ने टी.पी.एम. के सभी पीलर के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया और टी.पी.एम. पर ज्यादा ध्यान देने के लिए सभी पीलर हेड्स को दिशानिर्देशित किया।

## जे.आर.डी.क्यू.वी. पुरस्कार

हमारे कंपनी के लिए यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि पिछले वर्ष टी.बी.इ.एम. असेसमेंट में 504 अंक प्राप्त हुआ था। इस संदर्भ में 29 जुलाई 2017 में मुंबई में आयोजित जे.आर.डी.क्यू.वी. कार्यक्रम में हमारी कंपनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हमारी कंपनी से प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत एवं टी.क्यू.एम. हेड राकेश बाबू उपस्थित थे।



## टी.बी.इ.एम असेसमेंट 2017

विगत चार वर्षो से हम टी.बी.इ.एम. असेसमेंट में हिस्सा ले रहे हैं। इस असेसमेंट में टाटा ग्रुप की विभिन्न कंपनियों को सर्टिफाइड असेसर की टीम हमारे एपलिकेशन और वास्तविक स्थिति का परिक्षण करने के पश्चात अंक देते हैं। पिछले वर्ष हमने 504 अंक प्राप्त किया था, इस वर्ष का हमारा लक्ष्य 550 अंक प्राप्त करने का है। इस असेसमेंट की शुरूआत में के.वी.एफ. मीटिंग का आयोजन 04.08.17 को किया गया, जिसमें सभी असेसर उपस्थित थे। अधिकारियों के साथ मीटिंग के दौरान आई.एस.डब्ल्यू के बिजनेस के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। सभी असेसर ने रॉड मिल, वायर मिल प्लॉट एवं जेम्को प्लांट का भ्रमण भी किया। टी.बी.इ.एम. 2017 का साइट विजिट का सेड्यूल 4-11 नवंबर निर्धारित किया गया है।





## 'संवाद' - एक नई शुरूआत

प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत के दिशा निर्देश में टी.क्यू.एम. विभाग ने मैनेजमेंट और यूनियन के कमिटी मेंबर के बीच के कम्युनीकेसन को और मजबूती प्रदान करने के लिए 'संवाद' नामक कार्यक्रम की शुरुआत की है।

14 अगस्त 2017 को ट्यूब मेकर्स क्लब में इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया, इसमें मुख्य अतिथि श्री नीरज कांत विशिष्ट अतिथि राकेश्वर पांडेय तथा सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। श्री राकेश्वर पांडेय ने इसे सराहा और संवाद के महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि श्री नीरज कांत ने इसे यूनियन तथा मैनेजमेंट के बीच होने वाली संवाद की मजबूती कड़ी के रूप में प्रस्तुत किया। और इसे और आगे भी सुचारू रूप से संचालित करने का आदेश एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में आइ.एम.एस., टी.पी.एम., टी.बी.इ.एम., बिजनेस स्ट्रेटजी डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक सभी यूनियन कमिटी सदस्य से साझा किया गया। कार्यक्रम में कुल 60 यूनियन सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए टी.क्यू.एम. टीम को धन्यवाद दिया।







## सुझाव योजना संबंधी गतिविधियाँ

सुझाव योजना को बढ़ावा देने के लिए टी.क्यू.एम. डिपार्टमेंट द्वारा प्रत्येक तिमाही में सबसे ज्यादा सुझाव देने वाले कर्मचारियों को कंपनी प्रबंध निदेशक के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।

द्वितीय त्रैमासिक में अत्यधिक सुझाव देने के लिए 'टॉप 5 सुझावकर्त्ता' का नाम घोषित किया गया। इस द्वितीय त्रैमासिक में सौरव गुप्ता (रॉड मिल), अमरेन्द्र सिंह (वायर मिल), देवाशिष घोष (वायर मिल), सागीर अहमद (रॉड मिल) त्रिलोक सिंह (वायर मिल), बलजीत सिंह (वायर मिल), बिरेन्द्र गिरी (रॉड मिल) को कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।









## सी.आई.आई काइज़न प्रतियोगिता

सी.आई.आई काइज़न प्रतियोगिता, टी.पी.एम. क्लब इंडिया द्वारा प्रति वर्ष आयोजित की जाने वाली काइज़न प्रतियोगिता इस वर्ष चेन्नई में 18-19 अगस्त, 2017 को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में 65 कंपनियों की 69 टीमों ने हिस्सा लिया। आई.एस.डब्ल्यू.पी. से कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें नवनीत शर्मा, अभिषेक कुमार, विनोद कुमार, रतिकांत उपाध्याय, अश्विनी श्रीवास्तवा, त्रीपुरारी शंकर, प्रसान्तो चटर्जी एवं अमित कुमार ने हिस्सा लिया।








# CSR की गतिविधियाँ

1. आत्म रक्षा पर जागरूकता सेशन तथा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन KGBV, पोटका के छात्रों के लिए 19 सितम्बर 2017 को किया गया था।







2. लक्ष्मी टूटी और कोनल किस्कू, ISWP स्पोर्ट्स कांपलेक्स (तीरंदाजी) के अंतर्गत ट्रेनियों को झारखण्ड पुलिस और झारखंड जंगल विभाग में क्रमशः कांस्टेबल तथा फॉरेस्ट गार्ड में नियुक्ति मिली।


लक्ष्मी टूटी


कोनल किस्कू

3. 16 एवं 19 सितम्बर को KGBV, पोटका में 2 दिनों का स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया था। जहाँ हमारी कंपनी के डॉक्टरों ने स्वेच्छा से 400 विद्यार्थियों एवं विद्यालय के कर्मचारियों का नियमित जाँच किया।




4. KGBV, पोटका के विद्यार्थियों का RITES-ITI, अल-कबीर पॉलीटेकनिक एवं सदर अस्पताल में इंजीनियरिंग एवं नर्सिंग कोर्स में उच्च शिक्षा हेतु प्रोजेक्ट RAAH के तहत छात्रवृत्ति प्रदान किया गया।


सीमानी सोरेन


लक्ष्मी मुर्मू


लुक्खी सोरेन



सत्री तंती


रेखा मराड़ी


5. 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन 26 सितम्बर 2017 को किया गया जिसमें कंपनी के कर्मचारियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्वेच्छा से भाग लेते हुए प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत' के पहल को बढ़ावा दिया।






# एलपीजी इस्तेमाल के सुरक्षित उपाय




हमारी पत्रिका **"तार समाचार"** आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव TQM विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : tqm@iswp.co.in / rakesh.babu@iswp.co.in

मुद्रित : **स्टील सिटी प्रेस लि0**